हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026

11 सैकड़ों ग्रामीणों ने उपायुक्त से मुलाकात की



12 कहीं पर उड़ा रंग-गुलाल तो कहीं पर मारपीट ...



ADMISSION CUM SCHOLARSHIP TEST
SUNDAY, 8th March 2026
Time: 11:00 AM
Grab The Opportunity
लगातार सबसे आगे....
H.D. PUBLIC SCHOOL, BIROHAR
आपके बच्चे के सुनहरे भविष्य को सवांरने के लिए तत्पर क्षेत्र का एकमात्र शिक्षण संस्थान
दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, शिक्षा एवं संस्कार का संगम एच.डी. बिरोहड़
A Co-Education English Medium | C.B.S.E. Affiliated Sr. Sec. School
Limited Seats
ADMISSION OPEN
Session 2026-27
NURSERY TO 12TH
All STREAMS
(SCIENCE/COMM./HUMANITIES)
M. 80599-23555, 86071-28682

## खबर संक्षेप

### संत कंवर महाराज 8 मार्च को जींद में

**भिवानी।** राधा स्वामी दिनोद के परम संत कंवर महाराज आगामी 8 मार्च रविवार को जींद भिवानी रोड स्थित गांव बेबीपुर राधा स्वामी आश्रम में संगत को सत्संग एवं आशीर्वाद देंगे सत्संग में आसपास क्षेत्र से हजारों की संख्या में राधा स्वामी के श्रद्धालु भाग लेंगे सत्संग में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। यह जानकारी राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने दी।

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 मार्च तक बढ़ाई

**चरखी दादरी।** इग्नू ने जनवरी 2026 सत्र के लिए सर्टिफिकेट कार्यक्रमों को छोड़कर डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 मार्च तक बढ़ा दी है। यह उन विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है जो किसी कारणवश अब तक प्रवेश नहीं ले सके हैं और उच्च शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया कि बताया की इग्नू का क्षेत्रीय केंद्र करनाल राज्य के 16 जिलों में फैले 34 अध्ययन केंद्रों के माध्यम से हरियाणा के विद्यार्थियों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं लचीली शिक्षा प्रदान कर रहा है। यह अध्ययन केंद्र ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कार्यरत हैं, इग्नू की ओपन एवं डिस्टेंस लर्निंग प्रणाली के अंतर्गत विद्यार्थी अपने घर के आसपास रहकर ही पढ़ाई पूरी कर सकते हैं और परीक्षाएं भी नजदीकी परीक्षा केंद्रों पर दे सकते हैं।

कचरे से आने वाली बदबू ने लोगों का जीना किया मुहाल

# कचरे को लेकर ठनी, 5 दिन से ट्रैक्टर-ट्राली भरी खड़ी


## अनाजमंडी व उसके रिहायशी क्षेत्र का कचरा अभी तक डाला जाता था दादरी रोड पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

अनाजमंडी व उसके रिहायशी क्षेत्र से निकलने वाले कचरे को डालने को लेकर ठेकेदारों में ठन गई है। दादरी रोड स्थित डम्पिंग प्वाइंट पर अनाजमंडी का कचरा नहीं डालने देने की वजह से पिछले चार दिनों से एक ट्रैक्टर ट्राली कचरे से भरी मंडी में खड़ी है। कचरा न डालने की वजह से मंडी की सफाई व रोजाना निकलने वाला कचरे के भी जगह जगह ढेर लगे हैं। गिला व सूखा कचरा होने की वजह से अनामंडी में बदबू आने लगी है। हालात ये बने है कि वहां रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हो रहे है।

यह स्थिति तब बनी है। जब इसी माह में सरसों की फसल तथा अप्रैल के पहले सप्ताह में गेहूं की फसल पहुंच जाएगी। फिलहाल अनाजमंडी की सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। इस बारे में अनाजमंडी के व्यापारी जिला प्रशासन से मिलने का मन बना रहे है। चूंकि सफाई न होने से लोगों का जीना मुहाल हो चुका है। यहां यह बताते चले कि अभी तक दादरी रोड स्थित डम्पिंग प्वाइंट पर कचरा डाला जाता रहा है। एक मार्च को न जाने किस वजह से यहां कचरा डालने से इंकार कर दिया। सफाई कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने एक मार्च को मंडी की सफाई करके एक ट्रैक्टर ट्राली में कचरा डाल लिया और डम्पिंग प्वाइंट पर डालने के लिए चले गए,लेकिन वहां पर तैनात कर्मचारियों ने उनको कचरा डालने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि यहां पर केवल नगरपरिषद का ही कचरा डाला जाता है। मार्केट कमेटी का कचरा कहीं पर डाले। उसके बाद वे कचरे से भरी ट्राली को वापस अनाजमंडी में ले आए। इस बारे में मार्केट कमेटी के सचिव देवेंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने अनाजमंडी की सफाई का ठेका दिया हुआ है। ठेके के दौरान ठेकेदार को यह भी बताया गया था कि कचरे का निष्पादन अपने स्तर पर करवाएं। इस मामले में मार्केट कमेटी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। केवल हमें तो अनाजमंडी की सफाई चाहिए। यह मामला ठेकेदार है। वहीं इसे निपटाएगा





भिवानी। अनाजमंडी में कचरे से भरी खड़ी ट्राली और सफाई नहीं होने से अनाजमंडी में पड़ा कचरा। फोटो : हरिभूमि

### इसलिए पैदा हुई समस्या

जब से अनाजमंडी की सफाई का कार्य का ठेका दिया गया है। तभी से अनाजमंडी से रोजाना एक या दो ट्राली कचरा दादरी रोड स्थित डम्पिंग प्वाइंट पर डाला जाता रहा है। अभी तक दोनों ठेकेदारों की आपसी सहमति के चलते कचरा डल रहा था,लेकिन एक मार्च को डम्पिंग पवाइंट के ठेकेदार के कारिंदों ने अनाजमंडी का कचरा डलवाने से इंकार कर दिया। उसके बाद से ही अनाजमंडी में यह समस्या बनी है। हालांकि अभी कचरा डालने से इंकार के मामले का कोई ठोस कारण की जानकारी नहीं लग पाई है,पर माना जा रहा है कि मार्केट कमेटी के कचरा निस्तारण को कोई बकाया रहा हो। यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### अस्थाई डम्पिंग प्वाइंट पर इक्कठा किया जा रहा है कचरा : संदीप

अनाजमंडी के कचरा प्रबंधन के ठेकेदार संदीप ने बताया कि अभी तक दादरी रोड स्थित डम्पिंग प्वाइंट पर कचरा डाला जाता था। अब अचानक उन्होंने कचरा डलवाने से इंकार कर दिया। ऐसे में अनाजमंडी के आसपास कोई भी खाली जगह मिलेगी। वहां पर कचरा इक्कठा किया जाएगा और बाद में डम्पिंग प्वाइंट पर डलवाया जाएगा। फिलहाल डम्पिंग प्वाइंट के ठेकेदार से बातचीत चल रही है।



लोहारू। ढाणी लक्ष्मण में संजय कुमार के आवास पर आयोजित बैठक में मौजूद गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षिका मनीषा मौत मामला: कल निकाली जाएगी पैदल न्याय यात्रा

■ मृतका के पिता संजय कुमार के आवास पर बैठक का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहारू

मनीषा मौत मामले में छह माह बीत जाने के बाद भी मामले का खुलाशा नही होने से परिजनों और आम लोगों में काफी नाराजगी देखने मिल रही है। उक्त मामले में गांव ढाणी लक्ष्मण में मृतका के पिता संजय कुमार के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया तथा आगामी 7 मार्च को भिवानी जिला उपायुक्त कार्यालय तक निकाली जाने वाली न्याय पैदल यात्रा पर चर्चा की गई।

बैठक में मौजूद लोगों ने बताया कि मामले की जांच कर रही सीबीआई द्वारा निर्धारित समय अवधि पूरी होने के बाद भी मामले का खुलासा नही किया है। उक्त मामले में एक मार्च को हुई बैठक में 7 मार्च को ढाणी लक्ष्मण से उपायुक्त कार्यालय भिवानी तक पैदल न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने बताया कि 7 मार्च न्याय यात्रा पैदल जत्था गांव ढाणी लिछमन से चल कर 9 मार्च को उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर मनीषा मौत मामले की जांच सार्वजनिक कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और आगामी रणनीति की चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक न्याय यात्रा पैदल जत्था की रूप रेखा तैयार कर रात्रि ठहराव भोजन पानी की व्यवस्था हेतु समीक्षा की। इस न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए गांव कुड़लबास, कुड़ल, पोहकरवास, जुई, गांवों में प्रचार अभियान चलाया गया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में भाकियू के प्रदेश महासचिव धर्मपाल, भाकिमयू जिला प्रधान होशियार सिंह, धर्मपाल जताई, मेवा सिंह आर्य, आजाद सिंह भूगंला, संजय कुमार, विजेन्द्र सिंह, रणबीर, जयबीर, महावीर गोठड़ा, अनिल, पूर्व सरपंच शिम्भूराम, सुरेश जोशी, धर्मपाल, राकेश आदि मौजूद रहे।

## कार और ट्राले की भिड़ंत में ट्राला सड़क पर पलटा

**बवानीखेड़ा:** बवानीखेड़ा-तोशाम मार्ग पर एक ट्राला व कार में भीडंत हो गई। भीड़ंत से जहां सडक़ के बीच पलट गया, वहीं कार खड्डों में जा गिरी। बताया गया है कि इस सडक़ हादसे में कुछ लोगों को चौटे आई हैं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। वहीं थाना प्रभारी सुरेश कुमार का कहना है कि अभी तक किसी की लिखित शिकायत नहीं आई है। अगर शिकायत आती है तो जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। बताया गया है कि बवानीखेड़ा तोशाम मार्ग पर दोपहर बाद एक ट्राला व कार की भिड़ंत हो गई।

इस हादसे में ट्राला सडक़ के बीच पलट गया। इससे इस मार्ग पर घंटों तक वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। वहीं कार भी सडक़ किनारे गड्डों में जा घुसी। बताया गया है कि इन वाहनों में सवार कुछ लोगों को चोटे आई हैं। घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए कहां ले जाया गया है इस बारे में सटीक जानकारी हासिल नहीं हो पाई। फिल्हाल हादसे के बारे में पुलिस द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है।

## उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारी अक्षय ने राष्ट्रमंडल कराटे प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

**चरखी दादरी।** दादरी उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत सरूपगढ़ गांव निवासी अक्षय ने जिले के लिए बढ़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने गत दिनों दिल्ली में आयोजित पांचवीं राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जिला का मान बढ़ाया है। अक्षय इससे पहले भी कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और 2024 में दक्षिण अफ्रिका में आयोजित राष्ट्रमंडल कराटे खेलों में भी देख के लिए गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने अक्षय को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। जिला के 27 वर्षीय युवा कराटे खिलाड़ी अक्षय के नाम एक ओर उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने हरियाणा की टीम की ओर से खेलते हुए राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसकी बदौलत प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने पहला स्थान प्राप्त करते हुए ओवरआऊल ट्राफी भी जीती है। इस उपलब्धि के लिउ उपायुक्त डा मुनीश नागपाल ने अक्षय सहित पूरी टीम को बधाई दी है और कहा है कि दादरी जिला के खिलाडियों ने हमेशा देश प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिला के खिलाडियों के चलते दादरी जिला पूरी दुनिया में जाना जाता है। सरूपगढ गांव निवासी अक्षय मार्च 2024 से उपायुक्त कार्यालय में कार्यरत है और अपनी नौकरी के साथ साथ कराटे के खेल में अभ्यास करते हैं। इससे पहले भी अक्षय चार बार ट्रकी, इंडोनेशिया, मलेशिया और दक्षिण अफ्रिका में वल्ड रैकिंग सिरीज में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वर्ष 2024 में दक्षिण अफ्रिका में आयोजित 11वीं राष्ट्रमंडल कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।

राष्ट्रमंडल कराटे खेलों में भी देश के लिए जीत चुके हैं गोल्ड मेडल

गांव डोहका में कुश्ती दंगल और भंडारे का आयोजन

# पुरुष स्पर्धा में चिराग गोधड़ी, महिला वर्ग में आरजू निमली ने जीता गुसाईं कुश्ती दंगल

■ पुरुष विजेताओं को एक लाख व महिला पहलवान को 51 हजार का प्रथम इनाम दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढड़ा

डोहका कालुवाला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गुसाईं धाम पर धुलंडी पर्व पर भंडारे व कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित महिला एवं पुरुष पहलवानें के मुकाबले में पुरुष वर्ग में चिराग गोधड़ी व महिला वर्ग के मुकाबले में आरजू निमली ने बाजी मारी।

पुरुष विजेताओं को एक लाख व महिला पहलवान को 51 हजार का प्रथम ईनाम दिया गया वहीं अगली बार एक लाख 11 हजार की प्रथम कुश्ती करवाने की घोषणा की गई। विजेता पहलवानों को समाजसेवी नीरज चौधरी, महंत व कमेटी पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। गांव कालुवाला के गुसाई धाम पर धुलंडी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के दो दर्जन गांवों के श्रद्धालुओं ने पहुंच कर अपने परिवार की कुशल क्षेम की मन्नत मांगी। उन्होंने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया तथा कुश्ती दंगल में पहलवानों के रोमांचम मुकाबले देखे। गुसाईं धाम कालुवाला पर कमेटी द्वारा आयोजित करवाए जा रहे वार्षिक कुश्ती दंगल के पुरुष मुकाबले में प्रथम एक लाख की कुश्ती स्पर्धा में कड़े मुकाबले में चिराग गोधड़ी, दूसरे मुकाबले में अमन हड़ोदी व साहिल नाड के मध्य बराबर व तीसरी कुश्ती कुश्ती में मोनू नीमली विजेता बने। लड़कियों के प्रथम मुकाबले में आरजू निमली प्रथम, दूसरी स्पर्धा में भी नैना कासनी प्रथम, तृतीय कुश्ती स्पर्धा में पिंकी नंगला बराबरी पर रहने के साथ ही दो दर्जन के लगभग मुकाबले आयोजित किए गए और विजेता पहलवानों को मंदिर कमेटी ने नगद राशी से स मानित किया। समाजसेवी नीरज चौधरी ने विजेता पहलवानों को सम्मानित किया।





बाढड़ा। कालुवाला कुश्ती दंगल में रौमांचक मुकाबले देखने उमड़ी भारी भीड़।

## किराये के मकान में रहने वाले युवक ने लगाया फंदा

**लोहारू।** पुराना शहर में किराये के मकान में रहने वाले युवक ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार बिहार राज्य का रहने वाला करीब 31 वर्षीय युवक विवेक शादीशुदा था और किराए के मकान में रहता था। मृतक युवक विवेक नजदीक के एक गांव स्थित फीड मील में काम करता था। मंगलवार की सांय को उक्त युवक ने कमरे पर ही फंदा लगा लिया। स्थानीय लोगों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बुधवार को मृतक युवक के परिजन लोहारू पहुंचे। थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि मृतक के परिजनों ने लिखित में शिकायत दी है कि स्वयं के हालातों के चलते युवक ने आत्महत्या की है तथा इस मामले में कोई कार्रवाई नही करना चाहते।

## खेतों में गाय के गोबर व गोमूत्र से बनी खाद का प्रयोग करने का आह्वान किया

सांसद धर्मबीर सिंह ने गांव तालू में किया स्कूल के कमरे का उद्घाटन

# जहरीले खानपान से बचने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह वीरवार को अपने पैतृक गांव तालू में पहुंचे। उन्होंने यहां पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नव निर्मित कमरे, दलमान ठोला चौपाल, गोशाला के मुख्य द्वार, गोशाला में अन्न भंडारण कक्ष का उद्घाटन किया और गोशाला की यज्ञशाला और शेड का शिलान्यास किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि वर्तमान में जहरीले खानपान से हम विभिन्न जानलेवा बीमारियों की जकड़ में आ रहे हैं। ऐसे में हमें प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा, जिसके लिए सरकार द्वारा दस हजार रुपये एकड़ प्रोत्साहन राशि देकर बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने खेतों में रासायनिक डीएपी और यूरिया की बजाय गाय के गोबर व गौमूत्र से बनी खाद का प्रयोग करने का आह्वान किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने कहा कि यूरिया और डीएपी से जमीन जहरीली हो गई है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। उन्होंने कहा कि गोशाला में गायों के लालन-पालन में सहयोग करें। बच्चों को अच्छे संस्कार दें उन्होंने कहा कि वीबीजी राम जी योजना के बजट को मनरेगा से तीन गुणा बढ़ा दिया गया है। सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने गांव तालू स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत की और उच्च शिक्षा हासिल कर अच्छा मुकाम हासिल करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गांव तालू और तोशाम में लड़कियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अत्याधुनिक डिजिटल सुविधाओं से युक्त सेंटर की सुविधा प्रदान की जाएगी।





भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं व शिक्षिकाओं से बातचीत करते सांसद।

## दादरी में सड़क हादसों में दो की मौत, एक घायल

**चरखी दादरी।** गुरुवार को चरखी दादरी में विभिन्न सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक छात्रा घायल हुई। जानकारी के अनुसार गांव खेड़ी बत्तर निवासी बलबीर अपनी बेटी को इलेक्ट्रीक स्कूटी पर बैठाकर परीक्षा दिलाने के लिए बरसाना की तरफ जा रहा था। सामने से आ रही तेज गति से एक बोलेरे ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे बलबीर की मौके पर मौत हो गई। बाद में छात्रा को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। छात्रा दसवीं कक्षा की परीक्षा देने के लिए जा रही थी। दूसरी तरफ बरसाना के पास एक अनियंत्रित होकर कार सड़क पर पलट गई। जिससे कार में सवार गांव पाजू निवासी आशीश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# भारतीय किसान यूनियन के तोशाम हल्का प्रधान बने मुकेश नंबरदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

वीरवार को तोशाम की अनाज मंडी में भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता बाबा योगी केदारनाथ ने की। बैठक में तोशाम हल्का की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इस दौरान गठित की गई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से मुकेश नंबरदार को भारतीय किसान यूनियन तोशाम हल्का का प्रधान चुना गया। वहीं राजवीर दूहन को सर्वसम्मति से तोशाम हल्का का उप-प्रधान चुना गया तो अनिल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं तोशाम हलका प्रधान मुकेश नंबरदार ने कहा की आगामी समय में संगठन को और भी अधिक मजबूत किया जाएगा तथा किसानों की आवाज को दबने नहीं दिया जाएगा बल्कि किसानों की हर मांग को बुलंद आवाज के साथ उठाया जाएगा। उनको दी जिम्मेदारी के लिए उन्होंने भाकियू के पदाधिकारी, नेताओं तथा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



तोशाम। नम्बरदार बनने पर खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जगबीर सिंह अलखपुरा, दयानंद हवलदार खरकड़ी, अशोक मलिक, अनिल बागनवाला, नवीन कारी, सतबीर कारी, विजयपाल सागवान, रमेश पंघाल, ईश्वर सिंह बागनवाला, दयानंद खरकड़ी, सतवीर सिंह कारी मोद, विजयपाल कारी मोद, प्रवीण कारी रूपा, सोमवीर दूहन सागवान, राजवीर बागनवाला, शहीद भगत सिंह युवा क्लब तोशाम के प्रधान संदीप पंघाल आदि सहित यूनियन के अनेक सदस्य मौजूद थे।



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



## ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

## बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

## बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





## स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

## तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



# 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।



बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।
चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-गोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।


एआई इमेज



कहानी
सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

# सॉरी दादा जी!


एआई इमेज

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया


एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195



1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?

**बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो


बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



## पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान ने दी आंदोलन की चेतावनी

# बदहाली के आंसू बहा रहे हैं खेल मैदान और शहीद स्मारक



भिवानी। जमा कूड़ा कचरा दिखाता पूर्व जिला पार्षद ईश्वर मान। *फोटो : हरिभूमि*

- 5 बार समाधान शिविर में, एक बार एसपी और एक बार डीसी को शिकायत देने के बाद भी समस्या ज्यो की त्यो : ईश्वर मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

शहर की स्वच्छता और सार्वजनिक संपत्तियों के रखरखाव को लेकर पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने वीरवार को समाधान शिविर के माध्यम से दो अलग-अलग पत्रों में स्कूल के खेल मैदान और पुरानी कार पार्किंग की दयनीय स्थिति पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनके अनुसार नेहरू पार्क, विजय नगर और अशोक रोड जैसे इलाकों से घिरा स्कूल का खेल मैदान अब कूड़ेदान में तब्दील हो चुका है। मैदान के तीन तरफ कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हैं। स्कूल के शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि वे पूरी तरह से भरे हुए हैं, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि मैदान का एक गेट टूटा हुआ है, जहाँ से लोग अवैध रूप से प्रवेश करते हैं और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। गंदगी के कारण मैदान में जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ गया है, जिससे स्कूली बच्चों की खेल गतिविधियों और शारीरिक विकास में बाधा आ रही है।

ईश्वर मान ने नेहरू पार्क स्थित शहीद सैनिक स्मारक के पास स्थित पुरानी कार पार्किंग का मुद्दा उठाया। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि सार्वजनिक कार्यों के लिए वर्दी की धौंस नहीं चलनी चाहिए, शहर प्रत्येक नागरिक का है। मान ने कहा कि यह एक एकड़ जमीन साल 2004 में पार्किंग के लिए स्थापित की गई थी, लेकिन 2018 में पुलिस विभाग ने इस पर अपना दावा पेश कर इसे वर्जित क्षेत्र घोषित कर दिया। पिछले 7 सालों से यहां झाड़ियां उग आई हैं और कचरे के ढेर लगाए जा रहे हैं। मान का आरोप है कि यहां हर महीने कचरे को आग लगा दी जाती है, जिससे शहर में भारी वायु प्रदूषण फैलता है।

मान ने कहा कि वर्षों से यह कार पार्किंग शहर की सुंदरता पर एक कलंक है। हम प्रशासन से खेल मैदान और पार्किंग की सफाई अविलंब कराई जाए, ताकि बच्चों का भविष्य और शहर की हवा सुरक्षित रह सके। ईश्वर मान ने बताया कि वह पिछले 5 महीनों में 5 बार समाधान शिविर में, एक बार एसपी और एक बार डीसी को शिकायत दे चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ईश्वर सिंह मान ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है। उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही उपरोक्त समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे पार्क के सामने सर्कुलर रोड पर धरना शुरू कर देंगे।

## चालान काटने पर रोक लगाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव पवन ठाकुर की अगुवाई में शहर के मौजिज लोगों ने यातायात थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। इस पर लोगों ने सुबह साढ़े नौ बजे से पहले चालान न काटे जाने की गुजारिश की। प्रदेश सचिव पवन ठाकुर ने बताया कि शहर में ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी सुबह लगभग 8:30 बजे ही विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर वाहनों की फोटो खींचना शुरू कर देते हैं और चालान काटे जा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुबह के समय आम नागरिक अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने, नौकरी पर जाने तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जल्दी में होते हैं। ऐसे समय में गलियों और अंदरूनी क्षेत्रों में चालान काटने से आम नागरिकों में भय और असंतोष का माहौल बन रहा है। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुबह 9:30 बजे से पहले चालान काटने की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। चालान केवल मुख्य सड़कों पर ही किए जाएं तथा गलियों और आवासीय क्षेत्रों में चालान काटने से परहेज किया जाए। साथ ही पहले ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर जनता को जागरूक किया जाए।

## खबर संक्षेप

### आठ को देव पब्लिक स्कूल में होगी कार्यशाला

**तोशाम।** भारतीय जनता पार्टी मंडल स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रही है। यह जानकारी देते हुए कैरू भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश वर्मा ने बताया कि आगामी 8 मार्च को 24 घंटे चलने वाली कार्यशाला का आयोजन देव पब्लिक स्कूल देवराला के प्रांगण में होने जा रहा है जो सुबह 9 बजे से लेकर 9 मार्च सुबह 8 बजे समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में 7 वक्ता रहेंगे, जिसमें पहले स्तर के वक्ता जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक रहेंगे और दूसरे स्तर में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी मार्ग दर्शन करेंगी और तीसरे स्तर में रमेश लालावास का मार्ग दर्शन रहेगा और चौथा स्तर मीना परमार का रहेगा इसी तरह पांचवा स्तर शंकर धुपड मार्ग दर्शन करने का काम करेंगे इसी प्रकार छठा स्तर ठाकुर विक्रम सिंह का रहेगा और सातवें स्तर के वक्ता रवींद्र बापोड़ा रहेंगे। इसके बाद शाम को भोजन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेगा और सुबह योगा और खेल के बाद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा और बाद में कार्यशाला का समापन होगा।

### आईटीआई में रोजगार मेला 11 मार्च को

**भिवानी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी के प्रांगण में 11 मार्च को प्रातः 09.00 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमे इलेक्ट्रीशियन, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, टर्नर, वायरमैन व्यवसायों के आईटीआई पास शुदा छात्र इस कैंपस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। राजकीय आईटीआई भिवानी के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में व्हर्लपूल इंडिया लिमिटेड भाग लेंगी। जिसमे इलेक्ट्रीशियन, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, टर्नर, वायरमैन व्यवसायों के हरियाणा राज्य में स्थित सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से पास शुदा छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष तक के आईटीआई पास शुदा छात्र हिस्सा ले सकते हैं।

### बिजली पेंशनर्ज की मासिक बैठक आज

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक 6 मार्च को प्रातः 10 बजे एक्सन सिटी के प्रांगण में जिला प्रधान बाल मुकुंद बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला महासचिव आरके चावला ने बताया कि जिसको एलटीसी नहीं मिली है वे अपना फार्म भरवा कर दें। बैठक में अपनी समस्याएं लिखित में लेकर आएं। उन्होंने बताया कि बैठक प्राप्त समस्याओं को अधिकारियों से मिलकर उनका समाधान करवाया जाएगा।

## नरेश बने व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक



**भिवानी।** भिवानी। भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला संयोजक नरेश गर्ग ने पदभार मिलने पर प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। नरेश गर्ग ने माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, जिला प्रभारी रेणु डाबला तथा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक का विशेष रूप से धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनकी सेवाओं को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, जिसे वे पूरी लगन के साथ निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ के माध्यम से जिले के व्यापारियों और व्यवसायियों की समस्याओं को पार्टी व सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही व्यापारियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने और उनके हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक व्यापारियों को पार्टी से जोड़ने के लिए भी अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और नरेश गर्ग को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में नवीन कुमार गुप्ता, रमेश पचेरवाल, प्रदीप प्रजापत, सूर्य प्रताप, मुकेश बंसल, पंकज कसेरा सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लंबित मांगों को लेकर बैठक आयोजित कर तय की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

- 8 मार्च के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की

सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में एसकेएस, किसान सभा, सी आई टी यू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता किसान सभा जिला चेयरमैन बिजेंद्र सांगवान, सीआईटीयू जिला कनवीनर राजकुमार धिकाडा, रिटायर्ड कर्मचारी संघ सचिव मनोज कुमार, एसकेएस जिला प्रधान यशपाल सांगवान ने की।

बैठक में सीपीएम भिवानी दादरी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने सहभागिता की। मीटिंग में अनेक अहम व जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य तौर पर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों जैसे कि बीज विधेयक, बिजली विधेयक 2025 को पूरी तरह से जनविरोधी करार दिया गया। आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। आगामी 9 मार्च को जिले में आने वाले सीपीआईएम राष्ट्रीय जत्थे के आगमन को लेकर तैयारियों, 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली को लेकर विचार विमर्श, जी रामजी कानून की आड में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा जैसे कानून को खत्म करने की साजिश पर चर्चा हुई। इसके अलावा राजकीय पदो पर स्थाई भर्तियों करवाने, किसान, मजदूर व देश विरोधी अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील को वापिस करवाने की मांग जोर शोर से उठाई गई। सभी से आहवान किया गया कि 9 मार्च को सीपीआईएम का राष्ट्रीय जत्था पहुंच कर एमसी कालोनी रज्जू अहलावत के निकट सार्वजनिक पार्क में आम जनसभा के जरिए देशहित के मुद्दे उठाएगा।



चरखी दादरी। आयोजित बैठक में उपस्थित कर्मचारियों का संबोधित करता एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# सैकड़ों ग्रामीणों ने उपायुक्त से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढड़ा।

- पहले प्रयोग की जा रही भूमि को कब्रिस्तान के लिए पंजीकृत करने की मांग

गांव श्यामकलां के सैंकड़ों ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त चरखी दादरी से मुलाकात कर गांव की पहले प्रयोग की जा रही भूमि को कब्रिस्तान के लिए पंजीकृत कर वहां पर चारदिवारी, शेड् निर्माण व पेयजल आपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की गुहार लगाई।

खंड के गांव श्यामकलां के मुस्लिम समुदाय सहित सभी वर्ग के लोगों ने कब्रिस्तान के लिए भूमि नाम करवाने की मांग को लेकर चरखी दादरी पहुंच कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। सिराजुद्दीन, ताज मोह मद, अब्दुल सत्तार, ताजदीन, मोह मद अली, दीन मोह मद, इलियास, रूस्तम, पूर्व सरपंच जगदीश पूनिया, रामकिशन रांगी इत्यादि ग्रामीणों ने बताया कि गांव में करीब 20-25 मुस्लिम परिवार रहते हैं और सभी वर्षों से आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ रह रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया कि गांव की गोचर भूमि से पहले श्मशान घाट और कब्रिस्तान दोनों के लिए जगह उपयोग के लिए दी गई थी। श्मशान घाट की जमीन का नामांतरण हो चुका है, लेकिन कब्रिस्तान के लिए भूमि अभी तक नाम नहीं की गई है। इसके चलते भविष्य में अवैध कब्जे की आशंका बनी हुई है तथा किसी व्यक्ति के निधन के बाद दफनाने में परेशानी आ सकती है। ग्रामीणों ने मांग की कि कब्रिस्तान के नाम से भूमि दर्ज कर उसकी चारदीवारी करवाई जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। ज्ञापन देने वालों में सरपंच रमेश कुमार सहित पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कहा कि यदि प्रशासन उनकी मांग को पूरा करता है तो पूरा समुदाय आभारी रहेगा। उपायुक्त ने ग्राम पंचायत से विशेष ग्राम सभा में प्रस्ताव तैयार करवा कर उनकी समस्या के समाधान का भरोसा दिया।



बाढड़ा। उपायुक्त को ज्ञापन देने के बाद बीडीपीओ कार्यालय पहुंचे श्यामकलां के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## स्वर्गीय भगीरथमल बुवानीवाला को भावभीनी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय में नारी-शिक्षा के प्रबंल पक्षधर एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय भगीरथमल बुवानीवाला जी की 33वीं पुण्यतिथि आज उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर मनाई गई। इस मौके श्रद्धांजली अर्पित करते हुए प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कहा कि भगीरथमल जी का मानना था कि शिक्षा ही एक ऐसा अस्त्र है, जिससे नारी का विकास और उत्थान सम्भव है। उन्होंने नारी शिक्षा के महत्व को बहुत पहले पहचाना और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर वर्षों पहले आदर्श महिला महाविद्यालय की स्थापना में अपना सर्वसर योगदान दिया। उनका मत था कि एक शिक्षित नारी न केवल सफल परिवार की नींव रखती है, बल्कि एक सुदृढ़ समाज और राष्ट्र की आधारशिला भी होती है। उनके द्वारा रखी गई महाविद्यालय रुपी पौधे की नींव आज पूरी तरह विकसित होकर वट-वृक्ष का रूप ले चुका है। वे आजीवन व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय की अधिकाधिक प्रगति के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहे। प्राचार्या ने कहा कि आज यह महाविद्यालय उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलते हुए निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। स्वर्गीय श्री भगीरथमल जी की निःस्वार्थ लगन, मेहनत और प्रगतिशील सोच का ही परिणाम है कि श्रेष्ठता में आदर्श महिला महाविद्यालय की अपनी एक अलग पहचान है। इस मौके पर समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग ने स्वर्गीय भगीरथमल को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके महान कार्यों को याद करते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलने का निश्चय किया।

# एसडीएम ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं, समाधान के दिए निर्देश

- समस्याओं के समाधान करने के लिए अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजित हुआ। एसडीएम महेश कुमार ने समाधान शिविर की अध्यक्षता की और नागरिकों की समस्याएं सुनी। शिविर में शहर व विभिन्न गांवों के लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान एसडीएम ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शिविर में एसडीएम के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने राजकीय वरिष्ठां माध्यमिक विद्यालय के स्कूल खेल मैदान की चारदीवारी के अंदर पड़े कूड़ा-कर्कट की सफाई व शहीद स्मारक के पास पुरानी कार पार्किंग में जमा कूड़े की सफाई करवाने, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य सुनील वर्मा नंबरदार ने शहर में बेसहारा गाय व नंदी को पकडक़र गौशाला में भिजवाने, कर्ण सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र चौक का सौंदर्यीकरण करवाने तथा राजीव कॉलोनी में लटक रही बिजली की तारों को ठीक करवाने, भोपाल ने दिनोद गेट पर बनी कबाडियों की दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करवाने की समस्याएं रखी।

इसी प्रकार से मीरा ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा के पंजीकरण से संबंधित आ रही समस्याओं के समाधान करवाने, मनीष ने सेक्टर-13 में पार्क की सफाई करवाने व पार्क में शेड बनवाने, पार्षद संदीप ने अपने घर व दुकान के नीचे से जा रही पाईप लाइन को हटवाने की समस्या रखी। वहीं परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से संबंधित समस्याओं को लेकर रूली राम, निशा, रमेश, सोनू व ज्योति आदि ने अपनी शिकायतें दर्ज करवाईं।

एसडीएम महेश कुमार ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

### ये रहे मौजूद

समाधान शिविर में डीडीपीओ सोमबीर कादयान, डिप्टी एलडीएम राजवंती, डॉ राजेश ग्रेवाल व अन्य विभागों के अधिकारियों के अलावा गैर सरकारी सदस्य नंदराम धानिया, रामकिशन हलवासिया, सुनील वर्मा नंबरदार, केके ग्रोवर व नरेन्द्र ग्रेवाल आदि मौजूद रहे।

## सेंट जेवियर स्कूल में महिला सम्मान समारोह कल

**भिवानी।** महिला सशक्तिकरण और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए 7 मार्च को प्रातः 10 बजे सेंट जेवियर स्कूल में एक महिला सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डा. रचना सिंह तंवर होंगी, जो कि वर्तमान में प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली में विकास निगरानी एवं मूल्यांकान कार्यालय नीति आयोग की निदेशक हैं। कार्यक्रम में डा. उदिता आनंद गुप्ता, इंस्पेक्टर कमलेश देवी (महिला थाना), डा. रुचिका धीर और एडवोकेट मुकेश चौहान आदि विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहेंगे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में दिल्ली, चंडीगढ़ और हरियाणा की टीम ले रहीं भाग

# दिल्ली ने चंडीगढ़ को 3 विकेट से हराकर जीता मैच

- हरियाणा की टीम के अशवनी वाधवन मैन ऑफ द मैच बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन चंडीगढ़ द्वारा बजवा क्रिकेट एकेडमी, मोहाली (पंजाब) में दिल्ली, चंडीगढ़ और हरियाणा की दिव्यांग क्रिकेट टीमों के बीच दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में तीनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पीसीसीएआई के भारत अध्यक्ष सुरेंद्र लोहिया तथा हैदराबाद दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र अग्रवाल ने किया। उद्घाटन मुकाबले में दिल्ली की टीम ने चंडीगढ़ को 3 विकेट से हराकर जीत दर्ज की। इसके बाद 27 फरवरी को खेले गए फाइनल मुकाबले में हरियाणा और दिल्ली की टीमें आमने-सामने हुई।

फाइनल मैच में हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दिल्ली की टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए 6 ओवर में बिना विकेट खोए 75 रन बनाए और निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 174 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की ओर से लक्ष्य ने 44 गेंदों में 80 रन की शानदार पारी खेली, जबकि हरियाणा के अजय बिद्दू ने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सुनील कुमार 10 रन बनाकर आउट हो गए। अजय बिद्दू ने 18 गेंदों में 2 चौके व 2 छक्कों की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद जावेद और कप्तान अश्वनी वाधवन ने पारी को संभालते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। जावेद ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि कप्तान अश्वनी वाधवन ने 39 गेंदों में 6 चौकों की मदद से नाबाद 46 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। अंतिम ओवर में लगातार दो चौके लगाकर हरियाणा ने एक गेंद शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया।

अश्वनी वाधवन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ हरियाणा टीम तीनों टीमों के बीच आयोजित प्रतियोगिता की चैंपियन बनी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुरेंद्र लोहिया एवं सुरेंद्र अग्रवाल ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा नकद पुरस्कार प्रदान किए।




भिवानी। विजेता टीम के साथ पीसीसीएआई के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सम्मानित किया

इस अवसर पर चंडीगढ़ एसोसिएशन की ओर से राजकुमार सुनसुना (महासचिव,डीएसीएसए) एवं अविनाश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# एक सूत्र में पिरौते हैं होली मिलन समारोह जैसे कार्यक्रम : जेसी कपिल

- रंगों के साथ आपसी भाईचारे का दिया संदेश
- सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा होली के पर्व के उपलक्ष्य में रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय भारत नगर स्थित मनौती उपवन में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों और उनके परिवारों ने पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ शिरकत की। यह जानकारी देते हुए जेसीआई भिवानी स्टार के मीडिया प्रभारी जेसी कपिल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। रंगोत्सव के दौरान होली के गीतों और ढोल की थाप पर सदस्य झूमते नजर आए। फूलों और गुलाल की होली के साथ-साथ यहां बच्चों और महिलाओं के लिए विशेष सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया व विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के खाने का मजा लिया गया। जेसी कपिल शर्मा ने कहा कि जेसीआई भिवानी स्टार का उद्देश्य हमेशा से ही समाज को एक सूत्र में पिरोना रहा है। रंगोत्सव के माध्यम से हमने न केवल खुशियां बांटीं, बल्कि अपने युवा सदस्यों को अपनी संस्कृति से जोडऩे का प्रयास भी किया है।

## खबर संक्षेप


बहल। आकांक्षी कार्यक्रम में लगी स्टालों का अवलोकन करते हुए एसडीएम मनोज दलाल।

### बहल आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम आयोजित

**बहल।** राजकीय महिला कॉलेज में 5 से 7 मार्च तक आयोजित होने वाले आकांक्षी खंड की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम स्थानीय उत्पादों, स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमियों और ग्रामीण कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। कार्यक्रम के शुभारंभ पर एसडीएम मनोज दलाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। एसडीएम ने बताया कि यह आयोजन नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना, महिलाओं और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है।

### जजपा की जिलास्तरीय बैठक आज दादरी में

**बाढड़ा।** जननायक जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आज दिल्ली रोड दादरी जजपा कार्यालय में 11 बजे आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला प्रैस प्रवक्ता राजेंद्र हूई ने दी। जननायक जनता पार्टी आगामी 13 मार्च को डाक्टर अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर जनचेतना दिवस रैली रैली की तैयारियों और समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में मु य अतिथि जनचेतना दिवस रैली के दादरी जिला प्रभारी राजेन्द्र लितानी होंगें। और बैठक को मु य रूप से जिलाध्यक्ष रविन्द्र सांगवान चरखी, जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, हल्का अध्यक्ष विजय श्योराण काकडोली, हल्का अध्यक्ष राकेश कलकल और पार्टी वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी स बोधित करेगें। और बैठक में सभी सैलों के जिला अध्यक्ष, हल्का अध्यक्ष और पार्टी के मु य कार्यकर्ता उपस्थित रहेगें।

## धुलंडी पर झगड़ों में 20 से अधिक घायल अस्पताल में भर्ती, पुलिस जांच में जुटी

# कहीं पर उड़ा रंग-गुलाल तो कहीं पर मारपीट से हुए लाल

**जिले में करीब 16 स्थानों पर लोगों के बीच कहासुनी के बाद हो गए झगड़े**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

दुल्हंडी(फाग) के पर्व पर रंगों की मस्ती के बीच भिवानी जिले में कई जगहों पर झगड़े होने की घटनाएं सामने आईं। अनेक जगहों पर लोगों ने रंग व गुलाल लगाकर पर्व की खुशी को दोगुना कर लिया। आपसी प्रेम व सौहार्द की भावना जागृत हुई। वहीं जिले में करीब दो दर्जन के आसपास जगहों पर मामूली कहासुनी के बाद मारपीट तक की नौबत आ गई। अनेक लोगों के साथ मारपीट होने पर वे लहुलुहान नजर आए। जिनको उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में लाया गया है। वहीं कुछ लोगों को निजी अस्पतालों में दाखिल करवाया गया है। हालांकि मारपीट के अधिकांश मामलों की जानकारी पुलिस के पास पहुंच गई है,लेकिन अभी तक पुलिस ने इन मामलों में मुकदमा दर्ज नहीं किया है,बल्कि जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार फाग के दिन जिले में करीब 16 स्थानों पर लोगों के बीच कहासुनी के बाद झगड़े हो गए। कई जगहों पर रंग डालने को लेकर विवाद हुआ, जबकि कुछ स्थानों पर आपसी रंजिश के चलते मारपीट की घटनाएं हुईं। इन झगड़ों में महिलाएं और युवक भी घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त बामला टोल निवासी 33 वर्षीय रामनिवास पुत्र हरिराम, गांव रायसिंह की ढाणी निवासी करीब 25 वर्षीय धीरज पुत्र अशोक और गांव जाटू लोहारी निवासी 48 वर्षीय राजेंद्र पुत्र मानसिंह भी इन घटनाओं में घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत जिला नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। इसी तरह गांव कोहाड़ निवासी 31 वर्षीय सीमा पत्नी सोमवीर, करीब 36 वर्षीय सोमवीर पुत्र वीरवल, दिनोद गेट निवासी 33 वर्षीय हेमंत गोपाल पुत्र शिवशंकर और राजीव कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय हरदेशपाल पुत्र भागीरथ भी मारपीट की घटनाओं में घायल बताए गए हैं। कोंट रोड निवासी 35 वर्षीय मीनाक्षी पत्नी जितेंद्र और 40 वर्षीय जितेंद्र पुत्र श्रीचंद भी झगड़े में घायल हुए हैं।

**घायलों को तुरंत जिला नागरिक अस्पताल लाया गया**


भिवानी। फाग खेलते बच्चे। फोटो: हरिभूमि


भिवानी। सामान्य अस्पताल में उपचाराधीन का इलाज करते चिकित्सक।

**ये हुए घायल**

घायलों में बावड़ी गेट निवासी 33 वर्षीय सुमन पत्नी रवि, विद्यानगर निवासी 18 वर्षीय सोनू पुत्र महेश, कोहाड़ निवासी 17 वर्षीय रवि पुत्र महेंद्र और कीर्ति नगर निवासी 18 वर्षीय संजू पुत्र महेश शामिल हैं। इसके अलावा विद्यानगर निवासी 20 वर्षीय अमन पुत्र रामप्रवेश, बासिया भवन निवासी 40 वर्षीय अनिल पुत्र दाताराम, सेवानगर निवासी 46 वर्षीय संजय पुत्र पृथ्वी सिंह भी घायल हुए हैं।


भिवानी। होली पर्व पर एक दूसरे को गुलाल अब्बीर लगाती महिलाएं।

## पूर्व जिला उपाध्यक्ष के निवास पर महिलाओं ने खेली होली

- होली केवल रंगों का मेल नहीं, दिलों को जोड़ने का है माध्यम : शकुंतला प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

रंगों और आपसी भाईचारे का प्रतीक होली का त्योहार पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में स्थानीय देवनगर स्थित भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष शकुंतला के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं और महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया, जिससे पूरा वातावरण फागुनी गीतों और गुलाल के रंगों से सराबोर हो गया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक गीतों और भजनों के साथ हुई। महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने ढोलक की थाप पर लोकगीत गाए और नृत्य कर उत्सव की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर शकुंतला प्रधान ने त्योहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का मेल नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि होली का यह पावन पर्व हमारे समाज में प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। आज हमारे आवास पर जिस प्रकार महिला शक्ति एकजुट हुई है, वह हमारी एकता का प्रतीक है। हम सभी को गिले-शिकवे मिटाकर एक सशक्त और समरस समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्रियों के साथ-साथ भारी संख्या में क्षेत्रीय महिलाएं मौजूद रहीं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नविता तंवर, शालू अरोड़ा, सज्जन कौर, प्रमिला ग्रेवाल, डा. मधु कौशिक, अनिता चावल, प्रिया, दर्शन, सीमा बंसल, बबीता, कृष्ण बडेसरा, रोशनी, सुदेश, शीला सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## रामभजन अग्रवाल की सोच बनीं प्रेरणा

- रामकुंज सत्संग भवन में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित
- भिवानी में 43वें होली-मिलन का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

स्व. पूर्व मंत्री रामभजन अग्रवाल की अच्छी सोच ने समाज में लिया त्योहार का रूपः नरेश (मीनू) अग्रवाल बाबू रामभजन अग्रवाल (पूर्व मंत्री, सरकार) की अच्छी सोच ने समाज मे लिया होली मिलन व दीपावली मिलन त्योहार का रूप ले लिया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हांसीगेट स्थितश्रीरामकुन्ज सतसंगधान, भिवानी मे हर्षोउल्लास के साथ 43वां होली-मिलन का आयोजन किया गया।


भिवानी। होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित लोग। फोटो: हरिभूमि

**होली-दीपावली मिलन का शुभारम्भ किया**

इस अवसर पर नरेश (मीनू) अग्रवाल ने बताया कि सामाजिक, धार्मिक व गौभक्त के जाने-माने व्यवसायी तथा चिनार फैब्रिक्स के संस्थापक अपने सामान्यजीवन से लेकर सामाजिक,राजनैतिक व धार्मिक तथा व्यवसायिक बुलन्दियों को छुने वाले स्व.बाबू रामभजन अग्रवाल ने भिवानी शहर मे होली-दीपावली मिलन का शुभारम्भ किया था जो कि शहर मे आज एक त्योहार का रूप ले लिया है। आज शहर मे चारो तरफइस तरह के कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। यह स्व. बाबू रामभजन अग्रवाल की सोच, शहरवासियोंके लिए प्रेरणा बन गया।

## भाईचारे और सौहार्द का जीवंत प्रतीक है होली

- कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में स्थानीय रोहतक रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटे। इस दौरान पूरा कार्यालय परिसर गुलाल के रंगों और होली के गीतों से सराबोर नजर आया।

समारोह की शुरुआत में कार्येकर्ताओं ने एक-दूसरे कोतिलक लगाकर और गुलाल उड़ाकर होली की शुभकामनाएं दीं। आपसी प्रेम को बढ़ाते हुए सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होली के पारंपरिक गीतों पर कार्यकर्ताओं का उत्साह रहा, जहां जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारी ढोल की थाप और गानों पर थिरकते हुए पर्व की खुशियां मनाते दिखे। शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का जीवंत प्रतीक है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और देश की साझा संस्कृति को सहेजने में विश्वास रखती है। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर लगाया।


भिवानी। एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई देते हुए। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कमल प्रधान, देवराज महता, सत्यजीत पिलानिया, ईश्वर शर्मा प्रधान, कुलवंत कोंटिया, रूपेंद्र ग्रेवाल, रणदीप हुड्डा, उमेश भारद्वाज, समीर खटीक एससी प्रधान, मनदीप सुई युवा प्रधान, मनजीत लांग्यान एनएसयूआई, अमन तंवर राघव, शिव कुमार चांगिया, विरेंद्र बापोड़ा, मा. बवलंत घणघस, बलबीर सरोहा, अजमेर गोयत, डा. जयबीर गोयत, डा. फूल सिंह धनाना, शिव कुमार धानक, अशोक जोगी पार्षद, बलवान पार्षद, ईश्वर मान, संजय गांधी, चांद पंघाल, इंग्लेश लता, सुरेंद्र तंवर, जयभगवान सरपंच, लक्ष्मण वर्मा सैन, तोला राम शर्मा, हरेंद्र जाखड़, कृष्ण प्रजापत, सुमित बराड़, अमित पंघाल, रवि सोलंकी, मुकेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## बेटियों के लिए विशेष बस की मांग को लेकर समाधान शिविर में दी शिकायत

**चरखी दादरी।** एक ओर जहां केंद्र और प्रदेश सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है, वहीं दूसरी ओर रोडवेज विभाग की कार्यप्रणाली इन प्रयासों को नजरअंदाज करती दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने रोडवेज विभाग के रवैये पर कड़ा ऐतराज जताते हुए समाधान शिविर में शिकायत सौंपते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही परीक्षाओं के दौरान बेटियों के लिए विशेष बस चलाने की मांग की है। इस दौरान उनके साथ छात्राएं भी ग्रामीण भी मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टीविधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अधिवक्ता कुलवंत फौगाट ने कहा कि सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारों के बीच धरातल पर छात्राएं परिवहन सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि दादरी से कनीना वाया बलकरा रूट पर बसों की भारी कमी के कारण छात्राओं की पढ़ाई और सुरक्षा दांव पर लगी है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर 10 फरवरी को रोडवेज के महाप्रबंधक को लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन करीब एक महीना बीत जाने के बाद भी विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है।

### आज होगा जागरूकता शिविर का आयोजन

**चरखी दादरी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत 6 और 9 मार्च को बाढड़ा व दादरी की अनाज मंडी में किसान जागरूकता एवं लाभार्थी पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कृषि विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि कृषि क्षेत्र में अब दिन प्रतिदिन नई तकनीक एवं नवाचारों का आगमन हो रहा है और इनसे कृषि में उत्पादन बढ़ने के साथ साथ अनाज की गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है। देश एंव प्रदेश के अनेकों किसान इन तकनीकों को अपनाकर ज्यादा उत्पादन ले सकते हैं। जिला के किसानों को जानकारी देने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत 6 और 9 मार्च को बाढड़ा व दादरी की अनाज मंडी में किसान जागरूकता एवं लाभार्थी पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में उन्नत बीज, नवीन कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन तथा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने दूसरे दिन भी कार्यकर्ताओं संग खेली होली

- महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

होली मिलन समारोह के बाद बुधवार को दूसरे दिन भी कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली और हलक के लोगों को होली के उत्सव की बधाई दी।

जिस प्रकार जीवन में विभिन्न रंगों का अपना अलग ही महत्व है, होली का यह त्योहार इलाके के लोगों के जीवन तरक्की और खुशहाली के रंग भरे। बता दें मंगलवार को कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया के अनाज मंडी स्थित आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था, जिसमें हजारों कार्यकर्ताओं ने शिरकत कर विधायक को होली की बधाई दी वहीं राजबीर फरटिया ने कार्यकर्ताओं के साथ जमकर होली खेली और महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।


लोहारू। कार्यकर्ताओं के साथ होली खेलते हुए कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया।

**शुभकामनाएं दी**

विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि हलके के लोगों के साथ उनका चोली दामन का साथ है तथा वे हलके लोगों के कल्याण और हलके के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। पूरे हलके के लोग उसके परिवार के सदस्य के समान है। उन्होंने हलका वासियों को होली के त्योहार की शुभकामनाएं दी और हलके की समृद्धि की कामना की। इस दौरान राजबीर फरटिया ने कार्यक्रम में पहुंची महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर संजय खंडेलवाल, प्रेम सोनी, रामभगत सोलंकी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसरः गजानंद

**बहल।** कस्बे की श्री अलख गोशाला बहल के प्रांगण में बुधवार को धूलेंडी के अवसर पर होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया। गौशाला परिसर में रंग-बिरंगे गुलाल के साथ उत्सव का माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे, सद्भाव तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्सव और उल्लास का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के दौरान गोशाला प्रांगण मे लोगों ने गौसेवा में भी सक्रिय रूप से भाग लिया और गोशाला के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर श्री अलख गौशाला के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर है। यह पर्व प्रेम, अपनत्व, क्षमा और सौहार्द की भावना से समाज को मजबूत बनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के जीवन में खुशियों के रंग भरने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज की सच्ची प्रगति आपसी सहयोग, सेवा और संस्कारों से ही संभव है। होली का यह पर्व सकारात्मक सोच, एकजुटता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देता है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## समाजसेवियों ने बेसहारा पशुओं के लिए की चारे की व्यवस्था

# आटा व अन्य सामग्री से दर्जनों पशुओं के पेट भर रहे बवानीखेड़ा के रमेश

**बेसहारा पशु सुबह-सुबह ही आकर इनकी आटा चक्की के सामने खड़े होकर करतें है इनका इंतजार**

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा निवासी श्रीराम आटा चक्की के संचालक रमेश सिंदवानी केवल ग्राहकों को आटा ही नहीं बेचते ये आटा बेचने के साथ-साथ रोजाना दर्जनों बेसहारा पशुओं को आटा, छाण सहित अन्य संबंधित सामग्री से पशुओं का पेट भरने का काम करते हैं। इनकी कार्य प्रणाली शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। इनकी आटा चक्की व आसपास के लोगों ने बताया कि बेसहारा पशु सुबह-सुबह ही आकर इनकी आटा चक्की के सामने खड़े होकर इनका इंतजार करते हैं और ये आते ही पहले पशुओं को पुचकारते हुए दूर कर अपनी दुकान का शटर उठाकर रोजाना दुकान में जमा आटा, छाण व अन्य मैटीरियल दुकान व रोड़ से दूर पशुओं को डालते हैं जिससे पशुओं का पेट भर जाता है।


बवानीखेडा। बेसहारा पशुओं का आटा, छान व अन्य सामग्री डालते हुए रमेश सिंदवानी।

**हर इंसान कहीं न कहीं जुड़ा होता है**

श्रीराम आटा चक्की के संचालक रमेश सिंदवानी ने बताया कि संसार में यूं तो हर इंसान भगवान से जुड़ा होता है और कोई न कोई नेक कार्य करता है। वे भी पिछले काफी समय से इन पशुओं के लगाव के कारण इनसे जुड़े हुए हैं। पशुओं का इनमें प्रेम है जो सुबह सुबह उनके आने से पहले इनका इंतजार करते हैं और आहार मिलने पश्चात वे वहां से चले जाते हैं।

**समाजसेवियों न हरे चारे का किया प्रबंध**

श्रीराम आटा चक्की के संचालक रमेश सिंदवानी की इस कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर शहर के अनेक समाजसेवियों ने इन पशुओं के लिए हरे चारे का प्रबंध किया है जो रोजाना कटा-कटाया हरा चारा लाकर पशुओं को अनेक स्थानों पर बेसहारा पशुओं को डालते हैं जिससे पशु भी अपना पेट भरकर एकांत स्थान पर चले जाते हैं।

### शिक्षकों को नई प्रभावी शिक्षण तकनीकें बताई

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार में सीबीएसई. के निर्देशानुसार कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत शिक्षकों के लिए 'नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल 2023' विषय पर इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी की वाणिज्य आचार्या विकास शर्मा ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रशासन एवं आमंत्रित रिसोर्स पर्सन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला में आचार्या मीनाक्षी अग्रवाल ने रिसोर्स पर्सन का परिचय देते दिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को नई पाठ्यचर्या की प्रभावी शिक्षण तकनीकों से परिचित कवाया गया